# प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
# एवं जिला कलक्टर उदयपुर
# निर्णय द्वारा अध्यासित अरविन्द कुमार पोसवाल आई.ए.एस.

**प्रकरण संख्याः 19/2024 (अपील सूचना का अधिकार)**

Pradeep Tripathi Add: 04, Govind Nagar, Hiran Magri, Sector-3, Bali, Udaipur, Raj-313001

..............अपीलार्थी

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार गिर्वा, उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

## प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

## निर्णय

दिनांकः 26/03/2024

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329824675608003 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 06.01.2024 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नही करायी जाने से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 5600054418 दिनांक 28.02.2024 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/19/24/254–55 दिनांक 28.02.2024 से लिखा गया।

अपीलार्थी अनुपस्थित। सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपने जवाब जरिये पत्रांक भू.अ./प्रथमअपील सू.अ.अ./2005/2024/737 दिनांक 21.03.2024 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील से संबंधित समस्त वांछित सूचना/दस्तावेज इस कार्यालय के पत्रांक संख्या 721 दिनांक 19.03.2024 से अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी गई है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि जवाब पत्रावली पर लिया जाकर उक्त प्रकरण को निरस्त करने के आदेश फरमाया जावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी के कार्यालय में दिनांक 06.01.2024 को आवेदन प्रेषित किया गया। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उक्त सूचना नियमित समयावधि उपरान्त प्रथम अपील प्रस्तुत किये जाने के पश्चात् दिनांक 19.03.2024 को उपलब्ध करवाई गई है।

जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपील अधिकारी
उदयपुर (राज.)